**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 03.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है।

2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कल से राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाएगा।

3. मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से कॉलेज के बच्चों के लिए तीन– दिवसीय आत्म–रक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. रंगत शिक्षा अंचल क्षेत्र में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में प्रत्येक वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का विषय है– ''शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण।'' विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पुष्टि करने और पत्रकारिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए सूचना व्यवस्था मजबूत करने के व्यावहारिक तरीकों के लिए एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के लिए महत्वपूर्ण है। यह सरकारों को प्रेस की स्वतंत्रता की प्रतिबद्धता का सम्मान करने की याद दिलाता है और मीडिया पेशेवरों के लिए प्रेस की स्वतंत्रता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों पर चिंतन करने का भी दिन है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से कल से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इसका उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव, नई दिल्ली में इसका उद्घाटन करेंगी और उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन निदेशालय की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि PHL हेलीकॉप्टर सत्रह मई तक निर्धारित निरीक्षण में रहेगा। इस अवधि के दौरान दो PHL हेलीकॉप्टर संचालन में रहेंगे, जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेवाएं देंगे। तीसरे PHL हेलीकॉप्टर की सेवा अटठारह मई से पुनः शुरू होगी। यह एक अस्थायी उड़ान कार्यक्रम है, जिसे बिना पूर्व सूचना के बदला जा सकता है। उड़ान रद्द होने, पुनर्निर्धारण, मार्ग परिवर्तन या देरी के कारण होने वाले किसी भी नुकसान के लिए निदेशालय जिम्मेदार नहीं होगा। कार निकोबार, चावरा, तेरेसा, कच्छाल, कमोर्टा और कैंपबेल बे के लिए सेवाएं सार्वजनिक अवकाश के दिनों में एयर ट्रैफिक सर्विस उपलब्ध न होने के कारण निलंबित रहेंगी। इन दिनों में केवल कार निकोबार एयरफील्ड पर ही सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

<><><><><><><>

मायाबंदर पुलिस स्टेशन ने महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और व्यक्तिगत आत्म–बल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हाल ही में मायाबंदर कॉलेज की छात्राओं के लिए तीन–दिवसीय आत्म–रक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मायाबंदर पुलिस स्टेशन के प्रशिक्षित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट कर्मियों द्वारा किया गया, जिसमें 136 छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। व्यक्तिगत सुरक्षा और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने पर केंद्रित इन सत्रों में छात्राओं को आत्म–रक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया; साथ ही, उन्हें परिस्थितियों के प्रति अधिक जागरूक बनाया गया और चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम युवा महिलाओं को उनकी सुरक्षा, स्वतंत्रता और समग्र कल्याण के लिए आवश्यक जीवन कौशल से सुसज्जित करता है। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और एक अधिक सुरक्षित, सशक्त तथा आत्मविश्वास से परिपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

<><><><><><><>

रंगत शिक्षा अंचल क्षेत्र में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। बाराटांग, कदमतला, रंगत और बिल्लीग्राउंड जैसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले इस शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। यह कक्षाएं 5 मई से शुरू होंगी। इसका उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर खेल कौशल का विकास करना, खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना और प्रतियोगिता की तैयारी कराना है।

<><><><><><><>

बिलिग्राउंड पुलिस स्टेशन की एक टीम ने हाल ही में कारगिल टिकरी वन क्षेत्र से स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के आधार पर क्षेत्र की तलाशी अभियान के दौरान टीम को अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला लगभग 200 लीटर लहन मिला। मौके पर कोई भी इसका दावा करने वाला नहीं मिलने के कारण बरामद घोल और उससे संबंधित सामग्री को उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह अभियान मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की zero–tolerance नीति और अवैध शराब से जुड़ी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी विश्वसनीय जानकारी अपने निकटतम पुलिस स्टेशन के साथ, या हेल्पलाइन नंबर 100 और 112 के माध्यम से साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के विभिन्न इकाईयों में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि सत्रह मई तक है। आवेदन फार्म विभाग के वेबसाइट के अलावा प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार पुलिस मुख्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बच्चों के लिए पैंतालीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कल से शुरू होगा और सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक संस्थान परिसर में संचालित किया जाएगा। इस ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान बच्चों को एक रचनात्मक और आकर्षक मंच प्रदान करना है, साथ ही संगीत के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और सांस्कृतिक संवर्धन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण सत्र अंडमान निकोबार पुलिस कला मंच के सहयोग से संचालित किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उद्योग निदेशालय, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न

केंद्रों पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। श्री विजयपुरम, डिगलीपुर, लिटिल अंडमान और कार निकोबार स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें 15 से 45 वर्षीय 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उनका द्वीपसमूह निवासी होना अनिवार्य है। पात्र प्रशिक्षार्थियों को 1,000 रूपये प्रति माह वजीफ़ा प्रदान किया जाएगा। आवेदन फार्म 11 मई, से जारी किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून, है। आवेदन फार्म उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण सेल और डिगलीपुर, हट बे एवं कार निकोबार के विस्तार कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग में कानूनी सलाहकार और एच आर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस सिलसिले में चयनित उम्मीदवारों का व्यक्तिगत साक्षात्कार कल शाम पांच बजे निदेशालय में ली जाएगी। सभी उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>